# इलेक्ट्रॉनिक ज्योति

## वर्ष 2025

त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका    वर्ष 14    अंक 53 (जनवरी, 2025)

(नि:शुल्क वितरण के लिए)




सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
पिलानी (राजस्थान) 333031

**संरक्षक**

डॉ. पी. सी. पंचारिया

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**संपादक**

श्री रमेश बौरा

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

**संपादन सहयोग**

श्री लोकेश टाक

कनिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी)

**प्रकाशक**

राजभाषा प्रकोष्ठ

सीएसआईआर-सीरी

**प्रकाशनाधिकार**

©

निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

## विभिन्न आयोजन / महत्वपूर्ण घटनाएँ

### ✓ इंडो जर्मन संयुक्त वैज्ञानिक कार्यशाला का आयोजन

संस्थान में दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 से 5 अक्टूबर, 2024 तक औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए टेरा हर्ट्ज प्रौद्योगिकी पर इंडो जर्मन संयुक्त वैज्ञानिक कार्यशाला (आईजीएसटीसी) का आयोजन किया गया। प्रोफेसर चंद्रशेखर, सीनियर इमेरिटस प्रोफेसर और पूर्व निदेशक, सीएसआईआर-सीरी मुख्य अतिथि थे और प्रोफेसर हार्टमुट रॉस्कॉस, गॉएथे विश्वविद्यालय, जर्मनी; प्रोफेसर श्रीगणेश बाबू, टीआईएफआर और श्री साकिब शेख विशिष्ट अतिथि थे। सीएसआईआर-सीरी के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया ने समारोह की अध्यक्षता की। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. नीरज कुमार ने कार्यशाला की तकनीकी बारीकियों के बारे में जानकारी दी।

### ✓ 'सशक्त राजस्थान' प्रदर्शनी में बेस्ट स्टॉल पुरस्कार

राजस्थान प्रदेश के सिरोही जिले में 16-18 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित की गई तीन-दिवसीय प्रदर्शनी 'सशक्त राजस्थान' में सीएसआईआर-सीरी ने सीएसआईआर का प्रतिनिधित्व किया। प्रदर्शनी में संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों/उत्पादों सहित अन्य वैज्ञानिक गतिविधियों से संबंधित पोस्टरों के माध्यम से आगंतुकों को सीएसआईआर और इसकी प्रयोगशालाओं का परिचय दिया। साथ ही भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं में सीएसआईआर और सीरी के योगदान से भी अवगत कराया। स्थानीय सांसद श्री लुंबाराम एवं राजस्थान सरकार के माननीय पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री ओटाराम सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने प्रदर्शनी में सीएसआईआर के स्टॉल का अवलोकन किया और सीएसआईआर सहित सीरी की शोध गतिविधियों की सराहना की। डॉ विजय चटर्जी, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने प्रदर्शनी में सीएसआईआर का प्रतिनिधित्व किया। सिरोही की जिला कलेक्टर सुश्री अल्पा चौधरी ने सीएसआईआर को बेस्ट स्टॉल पुरस्कार प्रदान किया।

### ✓ आयुर्वेद शिविर का आयोजन

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार, 9वें राष्ट्रीय आयुर्वेद उत्सव के उपलक्ष्य में सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में 19 अक्टूबर, 2024 को आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श शिविर एवं औषधि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने चिकित्सा शिविर एवं औषधि वितरण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण शिविर राजस्थान आयुर्वेद विभाग, झुंझुनूँ के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें अनुभवी आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. रमेश कुमार शर्मा, उपनिदेशक, राजस्थान आयुर्वेद विभाग, झुंझुनूं, डॉ. जगदीश चौधरी, ब्लॉक आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, पिलानी तथा डॉ निशा ने अपनी टीम के साथ सेवाएँ दीं। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्सक डॉ रमेश पी जाजू ने भी शिविर में रोगियों को चिकित्सा परामर्श दिया। संस्थान परिसर के गाँधी हॉल में आयोजित आयुर्वेद शिविर में 125 से अधिक सहकर्मियों, उनके परिजनों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अन्य लोगों ने चिकित्सा परामर्श लिया और औषधियाँ प्राप्त कीं।

### ✓ फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 का आयोजन

संस्थान में फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 की शृंखला में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत 29 अक्टूबर, 2024 को डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के नेतृत्व में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं अन्य सहकर्मियों ने संस्थान परिसर में जॉगिंग एवं पैदल मार्च किया। डॉ पंचारिया ने प्रत्येक कर्मचारी एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य के लिए कुछ समय निकालने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व विगत 25 अक्टूबर, 2024 को कॉलोनी परिसर में स्थित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 के दौरान प्लॉग रन करते हुए विद्यालय एवं कॉलोनी परिसर की स्वच्छता में योगदान दिया।

### ✓ राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन

संस्थान में धनवंतरि जयंती के अवसर पर 29 अक्टूबर, 2024 को 9वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया गया। डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने अध्यक्षीय संबोधन में आयुर्वेद के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक ने **'दैनिक जीवन में आयुर्वेद'** विषय पर व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में उन्होंने आयुष मंत्रालय द्वारा जारी ई **आयुर्वेद-किट** के प्रमुख बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने किया। अंत में डॉ सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ✓ एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 को डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी की अगुवाई में संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं अन्य सहकर्मियों ने संस्थान परिसर में 51 पौधे लगाए। इसके अलावा नवंबर तथा दिसंबर माह में भी कुल 600 से अधिक पौधे लगाए गए।

### ✓ राष्ट्रीय सम्मेलन वेदा-2024 का आयोजन

सीएसआईआर-सीरी मे 18-20 नवंबर, 2024 के दौरान वैक्यूम इलेक्ट्रॉन उपकरणों एवं अनुप्रयोगों में उभरते रुझानों पर राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन वेदा-2024 का आयोजन किया गया। डॉ. पी हनुमंत राव, महानिदेशक-समीर उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि तथा वेदा सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. एस. के. दत्ता, विशिष्ट वैज्ञानिक, डीआरडीओ-एमटीआरडीसी विशिष्ट वैज्ञानिक थे तथा पीसी पंचारिया, निदेशक सीएसआईआर-सीरी ने समारोह की अध्यक्षता की। डॉ. ललित कुमार, पूर्व निदेशक, एमटीआरडीसी-डीआरडीओ और इंजीनियर आर के गुप्ता, पूर्व मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी को वेदा लाइफ टाइम अचीवमेंट तथा डॉ. मनपूर्णा महतो, सहायक प्रोफेसर, आईआईटी-पटना; श्री एस. खांडेकर, वैज्ञानिक-एफ, एमटीआरडीसी-डीआरडीओ को वेदा मिड करियर अवार्ड से सम्मानित किया गया साथ ही एनआईटी सिलचर के सहायक प्रोफेसर डॉ. गौरव सिंह बघेल को पद्म भूषण डॉ. अमरजीत सिंह युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मेलन में व्याख्यान/प्रस्तुतीकरण दिए गए।

### ✓ चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन

संस्थान में विगत 21 नवंबर 2024 को चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में डॉ सुचंदन पाल ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रसिद्ध क्रांतिकारी बिरसा मुंडा का संक्षिप्त

जीवन परिचय प्रस्तुत करते हुए उनके जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख किया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर संक्षिप्त वृत्त चित्र/डॉक्युमेन्टरी/वीडियो फिल्म भी दिखाई गई। प्रशासन नियंत्रक श्री जय शंकर शरण ने दिनांक 22 नवंबर, 2024 को अपने व्याख्यान के माध्यम से भारत सरकार द्वारा जनजातीय (आदिवासी) कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों सहित महत्वपूर्ण नियमों/अधिनियमों आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन श्री मणिभूषण सिंह, हिंदी अधिकारी ने किया।

### ✓ संविधान दिवस का अयोजन

संस्थान में 26 नवंबर, 2024 को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ सुचंदन पाल, वरिष्ठतम मुख्य वैज्ञानिक (कार्यवाहक निदेशक) ने सहकर्मियों के समक्ष भारत के संविधान की उद्देशिका (Preamble) को पढ़ा तथा सभागार में उपस्थित सभी सहकर्मियों सहित संस्थान में चल रहे एचआरडीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने उनके साथ उद्देशिका का वाचन किया। श्री मणिभूषण सिंह, हिंदी अधिकारी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### ✓ कार्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

संस्थान में सीएसआईआर-मानव संसाधन विकास केंद्र, गाजियाबाद के सौजन्य से कनिष्ठ सहायक/वरिष्ठ सचिवालय सहायक/सहायक अनुभाग अधिकारियों एवं समकक्ष के लिए दिनांक 25 नवंबर से 20 दिसंबर, 2024 तक ए/बी स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम अयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों एवं संस्थान सहकर्मियों को संबोधित करते हुए सभी को विकसित भारत @ 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। सीएसआईआर-एचआरडीसी द्वारा संचालित 25 दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएसआईआर/आईएसटीएम सहित अन्य अधिकारियों द्वारा सीएसआईआर प्रयोगशालाओं में नवनियुक्त एवं पदोन्नत कार्मिकों को प्रशासन, वित्त, भंडारण एवं क्रय से संबंधित नियमों व प्रक्रियाओं सहित अन्य विविध, उपयोगी एवं महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। समापन सत्र में एचआरडीसी-गाजियाबाद के प्रमुख डॉ टी एस राणा मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भेंट किए गए। प्रशिक्षण प्रबंधक श्रीमती सिमेश वर्मा, वरिष्ठ उप-सचिव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वयन किया। श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ✓ सीरी में शिशुशाला (Creche) सुविधा का शुभारंभ।

भारत सरकार एवं सीएसआईआर मुख्यालय के दिशानिर्देशानुसार कार्मिकों की सुविधा के लिए दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को संस्थान में शिशुशाला (Creche) सुविधा का शुभारंभ हुआ। शिशुशाला का उद्घाटन सीएसआईआर-एचआरडीसी, गाजियाबाद के प्रमुख डॉ टी एस राणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया सहित श्रीमती सिमेश वर्मा, वरिष्ठ उपसचिव, एचआरडीसी, संस्थान के प्रशासन नियंत्रक श्री जयशंकर शरण, वित्त एवं लेखा नियंत्रक श्री जयप्रकाश इंदौरा, एचआरडीसी द्वारा आयोजित प्रशासनिक प्रशिक्षण के प्रशिक्षार्थी, संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं सहकर्मी उपस्थित थे।

## समझौता ज्ञापन/एनडीए/प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

**1. उद्योग/क्लाइंट :** एसीएसटी GmbH, जोसेफ-बॉट्ज-स्ट्राबे 15, डीई-63457, हनाऊ, जर्मनी

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इंस्टीट्यूशनल कोलैबोरेशन फॉर टेराहर्ट्ज टेक्नोलॉजीज़

**दिनांक** – 05 अक्टूबर, 2024

**2. उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स टॉपटिका फोटॉनिक्स एजी लोच्चमर श्लाग 19, ग्राफिलफिंग म्यूनिच, जर्मनी

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इंस्टीट्यूशनल कोलैबोरेशन फॉर टेराहर्ट्ज टेक्नोलॉजीज़

**दिनांक** – 05 अक्टूबर, 2024

**3. उद्योग/क्लाइंट :** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नीकल टीचर्स ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च, भोपाल

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** इंस्टीट्यूशनल कोलैबोरेशन

**दिनांक** – 26 अक्टूबर, 2024

**4. उद्योग/क्लाइंट :** समीर, मुंबई

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** डवलपमेंट ऑफ कैथोड सपोर्ट हीटर असेम्बली फॉर 8 Kw एस-बैण्ड सीडब्ल्यू मेग्नेट्रॉन

**दिनांक** – 19 नवंबर, 2024

**5. उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स डिवाइन मेडिटेक प्रा. लि., नोएडा, उत्तर प्रदेश

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** हाई-इंटेंसिटी लाइट सोर्स फॉर एंडोस्कोपी एप्लीकेशंस

**दिनांक** - 21 नवंबर 2024

**6. उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स एम एस मैटल्स एण्ड स्टील प्रा. लि.

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** डेवलपमेंट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजी फॉर रीसाइक्लिंग ऑफ आइडेंटिफाइड वेस्ट एज़ वेल एज़ सपोर्ट

**दिनांक** – 10 दिसंबर, 2024

**7. उद्योग/क्लाइंट :** मैसर्स रीसाइक्लिंग प्रा. लि.

**प्रौद्योगिकी/उद्देश्य :** डवलपमेंट ऑफ इनोवेटिव टेक्नोलॉजी फॉर रीसाइक्लिंग ऑफ आइडेंटिफाइड वेस्ट एज़ वेल एज़ टेक्निकल सपोर्ट

**दिनांक** – 10 दिसंबर, 2024

## स्वीकृत/फाइल किए गए पेटेन्ट

**1. शीर्षक :** एन इनोवेटिव वे ऑफ ऑपरेटिंग एलइडी एरेज़ एण्ड स्ट्रिंग इन कॉन्स्टेंट करंट मोड ऑन 220 वोल्ट एसी मेन्स

**शोधकर्ता/लेखक :** सुबोध जौहरी, अशोक चौहान, प्रतीक जौहरी

**पेटेन्ट स्वीकृति तिथि :** 30 अक्टूबर, 2024

**स्वीकृति सं. :** 553711

## शोध पत्र/लेख/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग माइक्रो/नेनो इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज़ टेक्नोलॉजी एण्ड वीएलएसआई डिज़ाइन

**स्थान** – कुरुक्षेत्र

**दिनांक** – 07-08 नवंबर, 2024

**शोध पत्र** – रियलाइजेशन ऑफ मेम्स डेन्सिटी सेंसर बेस्ड ऑन ऑसीलेटिंग यू-ट्यूब मेथड

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर. सोनी, एस. सेंगर, जे. सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 11th आईईईई पावर इलेक्ट्रॉनिक्स ड्राइव्स एण्ड एनर्जी सिस्टम्स

**स्थान** – मंगलौर

**दिनांक** – 18-21 दिसंबर, 2024

(1) **शोध पत्र** – फेज-शिफ्ट कन्ट्रोल एनालिसिस ऑफ ए 25 केवी डीसी सप्लाई यूटिलाइजिंग वोल्टेज मल्टीप्लायर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए रंजन, बीके वर्मा, एन कुमार, धीरज, एके सैनी एवं ए अभिषेक

(2) **शोध पत्र** – एज कम्प्यूटिंग एनेबल्ड बैटरी स्टेट' आफॅ चार्ज (एसओसी) एस्टिमेशन यूजिंग टाइनी एमएल टेक्नीक्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एके यादव, आर कुमार, एके सैनी, पी रघुपति, ए रंजन, ए अभिषेक एवं धीरज

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 6th यूआरएसआई रीजनल कॉन्फ्रेंस ऑन रेडियो साइंस

**स्थान** – भीमतल

**दिनांक** – 22-25 अक्टूबर, 2024

(1) **शोध पत्र** – क्रॉस पोलर रेडियेशन सप्रेशन ऑफ एन सर्कुलरली पोलेराइज्ड एंटिना यूटिलाइजिंग मिनीमली डिफेक्टिड ग्राउंड स्ट्रक्चर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस. चक्रवर्ती, एस. चट्टोपाध्याय, डी पाल एवं एके बंद्योपाध्याय

(2) **शोध पत्र** – काम्पैक्ट स्लिट टाइप डीजीएस इंटीग्रेटिड एक्स-बैण्ड 2x2 माइक्रोस्ट्रिप एंटीना ऐरे विद इम्प्रूवड रेडियेशन करैक्टरस्टिक्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर दास, पी एस चक्रवर्ती, ए बंद्योपाध्याय, सीपी मिस्त्री, एआर चौधरी एवं एस चक्रवर्ती

(3) **शोध पत्र** – ए डीजीएस इंटीग्रेटिड एज-फेड मॉडिफाइड टी-शेप्ड स्क्वायर माइक्रोस्ट्रिप पाथ एंटिना विद इम्प्रूवड पोलेराइजेशन प्यूरिटी

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर दास, एस चक्रवर्ती, एके बंद्योपाध्याय एवं एस चट्टोपाध्याय

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 6th इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज़ माइक्रो टू नेनो 2024

**स्थान** – नई दिल्ली

**दिनांक** – 22-23 नवंबर, 2024

(1) **शोध पत्र** – फेब्रिकेशन एण्ड कैरेक्टराइजेशन ऑफ ए फिल्म बल्क अकाउस्टिक वेव रेजोनेटर यूजिंग ZnO पीजो-लेयर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – सेक मसिउल इस्लाम, एच सैनी, विनीता, जे. सिंह

(2) **शोध पत्र** – पॉलिविनाइल पायरोलीडन असिस्टेड मल्टीवॉल्ड कार्बन नेनो ट्यूब इंक फॉर पेपर बेस्ड ह्यूमिडीटी सेंसर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर महतो, ए चौहान, सेक मसिउल इस्लाम, एस सिंह

(3) **शोध पत्र** – इम्पैक्ट ऑफ परफैक्टली मैच्ड लेयर ऑन सॉलिड्ली मॉउंटिड रेसोनेटर परफॉर्मेंस मैट्रिक्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – विनीता, जे. सिंह

(4) **शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड डवलपमेंट ऑफ हाइली फ्लैक्सीबल एण्ड स्टेबल कैपेसिटीव प्रेशर सेंसर्स यूजिंग कंप्रेसिबल माइक्रोपिरोमिडल डाइलैक्ट्रिक लेयर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – मो. फरमान, आर प्रजेश, पी शर्मा, ई थौटी

(5) **शोध पत्र** – डवलपमेंट ऑफ एन एआइ बेस्ड कंट्रोल एलगोरिदम फॉर लीनियर डिस्प्लेसमेंट एसएमए एक्चुएटर फॉर 3डी प्रिंटर बेड लेवलिंग ऑटोमेशन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – बीपी परेगी, सचिन, एस सिंह, बीके वर्मा, एचएन भार्गव, बीए बोत्रे **(सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र पुरस्कार)**

(6) **विषय :** असिस्टिव ई-मोबिलिटी फॉर पीपुल विद डिसेबिलिटी एण्ड द एलडरली (आमंत्रित व्याख्यान)

**वक्ता :** बी ऐ बोत्रे

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई माइक्रोवेव्ज, एंटीनाज़ एण्ड प्रोपैगेशन कॉन्फ्रेंस

**स्थान** – हैदराबाद

**दिनांक** – 9-13 दिसंबर, 2024

(1) **शोध पत्र** – स्टडी ऑफ बीम-वेव इंटैरेक्शन इन डब्ल्यू-बैण्ड फोल्डेड वेवगाइड ट्रैवलिंग वेव ट्यूब

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एआर चौधरी, आर दास, एस अधिकारी, पी पारीक, एस चक्रवर्ती, सीपी मिस्त्री, एस के घोष

(2) **शोध पत्र** – डिजाइन ऑफ मेम्स कम्पैटिबल मेटामेटीरियल एब्जॉर्बर फॉर टेराहर्ट्ज़ इमेजिंग एपलिकेशन्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए कुमार, डी बंसल, ए बेरा, डी पाल, ए के बंद्योपाध्याय

(3) **शोध पत्र** – थर्मो मैकेनिकल डिज़ाइन एण्ड एनालिसिस ऑफ डब्ल्यू बैण्ड शीट बीम इलेक्ट्रॉन गन असेम्बली फॉर इफिशियंट हीट डिसीपेशन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस चौधरी, डी दास, डी पाल, ए के बंद्योपाध्याय, ए बेरा

(4) **शोध पत्र** – ए कम्पोजिट डेंस डाइलैक्ट्रिक पाथ एंटिना विद इम्प्रूवड रेडियेशन करैक्टरस्टिक्स इन डायगोनल प्रिंसिपल प्लेन्स एण्ड अदर डिफरेंट कट प्लेन्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस चक्रवर्ती, एम पी अबेगांवकर, ए बासु

(5) **शोध पत्र** – कैथोड फॉर फ्यूचरिस्टिक THz VEDs

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए के सिंह, एस मन्ना, एस के शुक्ला, वी एस रावत, टी पी सिंह, आर के बारिक

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 4th इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इनोवेटिव सस्टेनेबल कम्प्यूटेशनल टेक्नोलॉजीज़ 2024

**स्थान** – देहरादून

**दिनांक** – 27-28 दिसंबर, 2024

**शोध पत्र** – जनरलाइसेबल प्रीडिक्टिव मेन्टेनेंस इन एडिटिव मैन्यूफेक्चरिंग यूजिंग मशीन लर्निंग

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए के यादव, ए सैनी, वाइ सोनी, विक्रम, धीरज, ए के सैनी

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 11th पावर इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस, 2024

**स्थान** – जयपुर

**दिनांक** – 10-12 दिसंबर, 2024

**शोध पत्र** – कम्प्यूटिंग फ्रेमवर्क फॉर एसओसी एस्टीमेशन यूजिंग ऑन-डिवाइस लर्निंग

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए के यादव, ए कुलकर्णी, जी मधुकर, आर कुमार, धीरज, ए के सैनी

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 39th इमेज एण्ड विज़न कम्प्यूटिंग न्यूजीलैंड कॉन्फ्रेंस

**स्थान** – न्यूजीलैंड

**दिनांक** – 04-06 दिसंबर, 2024

**शोध पत्र** – गेज़ एस्टीमेशन वाया सिंथेटिक इवेंट ड्रिवन न्यूरल नेटवर्क्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एच कुमार, एन के मेहता, एस सौरव, एस सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 9th इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन कम्प्यूटर विज़न एण्ड इमेज प्रोसेसिंग, 2024

**स्थान** – कांचीपुरम

**दिनांक** – 19-21 दिसंबर, 2024

**शोध पत्र** – बेंचमार्किंग योलो ऑब्जेक्ट डिटेक्टर्स फॉर कम्पोनेंट डिटेक्शन इन पावर लाइन इंफ्रास्ट्रक्चर डाटासेट एण्ड रिज़ल्ट्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस चौधरी, एस सौरव, आर सैनी, संजय सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई माइक्रोवेव्ज़, एंटिनाज़ एण्ड प्रोपेगेशन कॉन्फ्रेंस

**स्थान** – हैदराबाद

**दिनांक** – 09-13 दिसंबर, 2024

(1) **शोध पत्र**
– इलेक्ट्रॉमेग्नेटिक एण्ड पार्टिकल-इन-सेल सिमुलेशन ऑफ एल-बैण्ड ट्यूनेबल प्लस्ड मैग्नेट्रॉन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – आर के वर्मा

(2) **शोध पत्र** – डवलपमेंट ऑफ ए काम्पैक्ट एण्ड पोर्टेबल टेराहर्ट्ज़ इमेजिंग सिस्टम फॉर इंडस्ट्रियल एप्लिकेशन्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए एम लता, आर रंजन

(3) **शोध पत्र** – फ्यू-शॉट लर्निंग फॉर डिफेक्ट क्लासीफिकेशन फ्रॉम टेराहर्ट्ज़ इमेज यूजिंग साइमिज़ नेटवर्क विद ट्रिप्लेट लॉस फंक्शन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए एम लता, आर फ्रांसिस, **बी एस गायत्री, आर रंजन**

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – वेदा-2024

**स्थान** – सीएसआईआर-सीरी, पिलानी

**दिनांक** – 18-20 नवंबर, 2024

(1) **शोध पत्र** – इंटर-इलेक्ट्रोड कैपेसिटेंस **एस्टीमेट फॉर वैक्यूम** माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज़

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस मन्ना, वी एस रावत, **ए के सिंह, एस** के शुक्ला, टी पी सिंह, आर के बारिक

(2) **शोध पत्र** – इंवेस्टीगेशन ऑन माइक्रो-**फेब्रिकेशन मैथडस** फॉर दी डवलपमेंट ऑफ डब्ल्यू-बैण्ड इंटरैक्शन स्ट्रक्चर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस जैन, विषांत, पी उनादकट, **आर मीना,** एन कुमार

(3) **शोध पत्र** – थ्री-डाइमेंशनल सिमुलेशन **स्टडी ऑफ स्यूडोस्पार्क** ड्रिवन इलेक्ट्रॉन बीम सोर्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पी उनादकट, एस जैन, **एन कुमार**

(4) **शोध पत्र** – डायग्नोसिस ऑफ सीड्स प्रोसेस्ड बाय एटमोस्फियरिक कोल्ड प्लाज़्मा जेट फॉर एग्रीकल्चर एप्लिकेशन्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पी पाल, यू एन पाल, एम सिंह, ए मिश्रा, एम जोशी, एच सहगल, एस मौर्य, आर पी लाम्बा

(5) **शोध पत्र** – डिजाइन स्टडीज़ ऑफ नॉन थर्मल माइक्रोवेव इनड्यूस्ड प्लाज्मा जेट

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – पी पाल, एस चक्रवर्ती, ए मिश्रा, यू एन पाल, आर पी लांबा, एस मौर्य

(6) **शोध पत्र** – डिजाइन ऑफ एप्लीकेटर्स (2.45GHz) फॉर एफिशियंट माइक्रोवेव असिस्टिड पायरोलेसिस ऑफ वेस्ट मैटीरियल

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस चौधरी, एच खातून, एन कुमार, एन के सिंह, ए बेरा

(7) **शोध पत्र** – डिजाइन एण्ड एनालिसिस ऑफ इंटरैक्शन स्ट्रक्चर ऑफ ए मिलीमीटर-वेव CC-TWT एम्प्लिफायर फॉर नेक्स्ट जनरेशन वायरलैस कम्यूनिकेशन्स

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए के बंद्योपाध्याय, एस चक्रवर्ती, डी पाल, ए बेरा

(8) **शोध पत्र** – डवलपमेंट एण्ड परफॉर्मेंस इवैल्युएशन ऑफ स्यूडोस्पार्क डिस्चार्ज सोर्सेज़ फॉर फास्ट पल्स पावर एप्लिकेशंस

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए मिश्रा, आर पी लांबा, एस मिश्रा, बी एल मीना, ए मिश्रा, पी पाल, एम सिंह, यू एन पाल

(9) **शोध पत्र** – डिजाइन अप्रोच टूवर्डस यूनिट सेल ऑफ फोल्डेड वेवगाइड स्लो-वेव स्ट्रक्चर फॉर डब्ल्यू-बैण्ड टीडब्ल्यूटी

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस भट्टाचार्जी, एस चक्रवर्ती, ए आर चौधरी

(10) **शोध पत्र** – सिमुलेशन ऑफ डाइलैक्ट्रिक लोडेड इंटरैक्शन स्ट्रक्चर फॉर Ka-बैण्ड जायरो-टीडब्ल्यूटी

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए कुमारी, कमलेश, एम के आलडिया, एस के घोष

(11) **शोध पत्र** – एनालिसिस सिमुलेशन ऑफ ए बूस्ट-मार्क्स बेस्ड नेगेटिव हाई वोल्टेज़ पल्स ज़नरेटर

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए रंजन, ए अभिषेक

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – तकनीकी हिंदी संगोष्ठी 2024

**स्थान** – आईआईटी-जोधपुर

**दिनांक** – 02 दिसंबर, 2024

**शोध पत्र** – वन नेशन वन सबस्क्रिप्शन

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – रोहित सिंह

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – 21th आईईईई इंडिकॉन 2024

**स्थान** – आईआईटी-खड़गपुर

**दिनांक** – 19-21 दिसंबर, 2024

**शोध पत्र** – एनालिसिस ऑफ फेज़-शिफ्टिड कंट्रोल फुल-ब्रिज बेस्ड वोल्टेज मल्टीप्लायर फॉर 20KV डीसी सप्लाई

**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – ए रंजन, ए अभिषेक

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – आईईईई माइक्रोवेव एंटीनाज़ एण्ड प्रोपैगेशन कॉन्फ्रेंस

**स्थान** – हैदराबाद

**दिनांक** – 09-13 दिसंबर, 2024

**शोध पत्र** – जनरेशन ऑफ मल्टी-मॉडल ऑर्बिटल एंगुलर मोमेंटम वेव एट मिलीमीटर-वेव फ्रिक्वेंसी
**वक्ता/प्रस्तुतकर्ता** – एस चक्रवर्ती, डी पाल, ए के बंद्योपाध्याय

- **सम्मेलन/संगोष्ठी** - आईईईई माइक्रोवेव्ज, एंटीनाज़ एण्ड प्रोपैगेशन कॉन्फ्रेंस
**स्थान** – हैदराबाद
**दिनांक :** 13 दिसंबर, 2024
**विषय :** डवलपमेंट ऑफ हाई-पावर क्लायस्ट्रॉन
**वक्ता :** ए के बंद्योपाध्याय
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – SPARC वर्कशॉप ऑन इंफ्रारेड सेंसर्स टैक्नोलॉजी
**स्थान** – आईआईटी, खरगपुर
**दिनांक :** 21 दिसंबर, 2024
**विषय :** पायरोइलेक्ट्रिक-बेस्ड अनकूल्ड इंफ्रारेड डिटेक्टर्स
**वक्ता :** पी बी अग्रवाल
- **सम्मेलन/संगोष्ठी** – $6^{th}$ इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज़ माइक्रो टू नेनो
**स्थान** – जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
**दिनांक :** 22-23 नवंबर, 2024
**विषय :** असिस्टिव ई-मोबिलिटी फॉर पीपुल विद डिसएबेलिटी एण्ड द एलडरली
**वक्ता :** बी ऐ बोले

## एसीएसआईआर समाचार

✓ **पी एच डी प्री थीसिस ओपन कोलोक्विम**

1. **विषय :** डवलपमेंट ऑफ हाई वोल्टेज गैलियम ऑक्साइड फील्ड इफैक्ट ट्रांजिस्टर
**प्रस्तुतकर्ता :** श्री फरयांशु कच्छावा, एसीएसआईआर पीएचडी छात्र
**दिनांक :** 01 अक्टूबर, 2024

## कौशल विकास कार्यक्रम/शिक्षण-प्रशिक्षण

1. **कार्यक्रम का नाम** - सेमिकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम (शिल्प)
**कॉलेज/संस्थान का नाम** – निरमा यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद, गुजरात
**प्रशिक्षित छात्रों की संख्या** – 17
**अवधि** – 14 अक्टूबर से 25 अक्टूबर, 2024
2. **कार्यक्रम का नाम** – स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम, सीएसआईआर-सीरी जयपुर कैंपस
**विषय** – पीएलसी प्रोग्रामिंग एण्ड इट्स एप्लीकेशन
**प्रशिक्षित छात्रों की संख्या** – 18
**अवधि** – 28 नवंबर से 05 दिसंबर, 2024
3. **कार्यक्रम का नाम** - जिज्ञासा
**विषय** – साइंटीफिक एप्टीट्यूड असेसमेंट एक्पेरिमेंटेशन एण्ड सर्वे
**प्रशिक्षित छात्रों की संख्या** – 30
**दिनांक** – 20 दिसंबर, 2024

- **कौशल विकास के अंतर्गत अक्टूबर से दिसंबर तक शैक्षणिक दौरा**

| स्कूल/कॉलेज का नाम | छात्रों की कुल संख्या |
|---|---|
| जेएनवी-पल्लू, हनुमानगढ़;<br>जेएनवी-कनीना, मेहरानगढ़;<br>जेएनवी-काजड़ा;<br>जेएनवी-चूरू;<br>जेएनवी-सिरसा;<br>बीपीएस-गंगानगर;<br>केवी-भाकली, रेवाड़ी;<br>डूंडलोद पब्लिक स्कूल, झुंझुनू एण्ड नवलगढ़ | 1721 |

## प्रमुख राजभाषा गतिविधियाँ

✓ **तिमाही प्रगति रिपोर्ट**

संस्थान के विभिन्न अनुभागों/समूहों/प्रभागों से सूचना/आँकड़े एकत्र एवं समेकित कर जुलाई-सितम्बर, 2024 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति रिपोर्ट 25 अक्टूबर, 2024 को संयुक्त सचिव, सीएसआईआर मुख्यालय को भेजी गई।

✓ **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

निदेशक महोदय की अध्यक्षता में अक्टूबर-दिसंबर, 2024 तिमाही के कार्यों की समीक्षा हेतु राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 12 दिसंबर, 2024 को आयोजित की गई।

✓ **प्रकाशन कार्य**

त्रैमासिक राजभाषा समाचार पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक ज्योति' वर्ष 13, संयुक्तांक 51 व 52 (अक्टूबर, 2024)

✓ **टेबल कार्यशाला**

भाषा प्रशिक्षण हेतु नामित सहकर्मियों के लिए दिनांक 23 दिसंबर, 2024 को टेबल कार्यशाला का आयोजन किया गया।

✓ **आमंत्रित व्याख्यान**

सीएसआईआर-एचआरडीसी के सौजन्य से आयोजित कार्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिनांक 14 दिसंबर, 2024 को **'राजभाषा : सहज उपयोग'** विषय पर श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

## प्रशासनिक समाचार

➤ **पदोन्नतियाँ**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | पदोन्नत पद | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1. | सुश्री चांदनी दीक्षित | व.आशुलिपिक | 16.12.2024 |

➤ **नियुक्तियाँ एवं पदस्थापन**

| क्र. सं. | नाम व पदनाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | श्री अंकित सिंह राठौर, कनिष्ठ सचिवालय सहायक(सामान्य) | 29.11.2024 |

## चित्र दीर्घा (फोटो गैलरी)



टेराहर्ट्ज़ प्रौद्योगिकी पर इंडो जर्मन संयुक्त वैज्ञानिक कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभांरभ करते हुए डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी व अन्य मंचस्थ अतिथिगण







इंडो जर्मन संयुक्त वैज्ञानिक कार्यशाला में अतिथियों को सम्मानित करते हुए डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी





SHILP कार्यक्रम में निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद, गुजरात से आए छात्र-प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी




सशक्त राजस्थान प्रदर्शनी में बेस्ट स्टॉल अवार्ड प्राप्त करते हुए डॉ विजय चटर्जी, वरिष्ठ वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीरी



9वें आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते हुए डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी





आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में लाभार्थियों की जाँच करते हुए आयुर्वेद चिकित्सक



**'एक पेड़ माँ के नाम'** अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण करते हुए **डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी**



कॉलोनी परिसर में स्थित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा **फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0** के तहत प्लॉग रन करते हुए




दीप प्रज्वलित कर वेदा-2024 का विधिवत उद्घाटन करते हुए **डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी एवं मंचस्थ अतिथिगण**




डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के नेतृत्व में **फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0** के तहत संस्थान परिसर में जॉगिंग एवं पैदल मार्च करते संस्थानकर्मी




वेदा-2024 की स्मारिका का विमोचन करते हुए **निदेशक, सीएसआईआर-सीरी एवं मंचस्थ अतिथिगण**




धनवंतरि जयंती के अवसर पर **आयुर्वेद के महत्व** विषय पर अध्यक्षीय संबोधन देते हुए **डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी**




वेदा लाइफटाइम अचीवमेन्ट अवार्ड 2024 प्राप्त करते हुए **डॉ. ललित कुमार**




जनजातीय गौरव दिवस-2024 के अवसर पर डॉ सुचंदन पाल मुख्य वैज्ञानिक (कार्यवाहक निदेशक) भगवान श्री बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए।




आदिवासी समाज के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए श्री जय शंकर शरण, प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी






संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. सुचंदन पाल वरिष्ठतम वैज्ञानिक (कार्यवाहक निदेशक) एवं समस्त सहकर्मी संविधान की उद्देशिका का वाचन करते हुए




एचआरडीसी, गाजियाबाद द्वारा चलाए गए कार्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए डॉ. पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी




कार्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए डॉ टी एस राणा, प्रमुख एचआरडीसी एवं डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी



शिशुशाला (Creche) का शुभांरभ करते हुए डॉ टी एस राणा, प्रमुख एचआरडीसी एवं डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी, पिलानी

**"संविधान सभा की एक स्पिरिट थी कि एक स्वदेशी भाषा में देश के सभी नागरिक एक-दूसरे के साथ संवाद करें, चाहे वह हिंदी हो, तमिल हो, तेलुगू हो या गुजराती हो। हिंदी को मजबूत करने से इन सभी भाषाओं में एक प्रकार से लचीलापन भी आएगा, समृद्धि भी आएगी।"**

- श्री अमित शाह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री,

(चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में)